भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1214
(13 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मनरेगा के अंतर्गत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लाभार्थी

1214. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 2014-15 से कुल सृजित कार्य दिवसों की तुलना में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा सृजित कार्य दिवसों की प्रतिशत हिस्सेदारी में कमी आई है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या यह सच है कि वर्ष 2014-15 से काम प्राप्त करने वाले कुल परिवारों की तुलना में काम प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के परिवारों की प्रतिशत हिस्सेदारी में कमी आई है;
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ङ) क्या यह सच है कि वर्ष 2014-15 से अनुसूचित जनजाति के ऐसे परिवारों की संख्या में कमी आई है जिनके पास काम है; और
(च) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) और (ख): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है। **यह योजना आजीविका सुरक्षा प्रदान करती है, अर्थात् रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध नहीं होने पर यह ग्रामीण परिवारों के लिए आजीविका के वैकल्पिक अवसर प्रदान करती है।**

वर्ष 2014-15 से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 (दिनांक 07.12.2023 की स्थिति के अनुसार) तक महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत सृजित कुल श्रमदिवसों, अनुसूचित जाति (अ.जा.) के लाभार्थियों के लिए सृजित श्रमदिवसों और उसके प्रतिशत का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वित्तीय वर्ष	कुल सृजित श्रमदिवस (करोड़ में)	अनुसूचित जाति लाभार्थियों के लिए सृजित श्रमदिवस (करोड़ में)	अनुसूचित जाति लाभार्थियों के लिए सृजित श्रमदिवसों का प्रतिशत
2014-15	165.64	37.49	22.63%
2015-16	234.94	53.03	22.57%
2016-17	235.23	50.73	21.56%
2017-18	233.67	50.70	21.70%
2018-19	267.81	55.86	20.86%
2019-20	265.26	54.10	20.39%
2020-21	388.89	77.27	19.87%
2021-22	363.18	69.61	19.17%
2022-23	295.75	56.80	19.21%
2023-24 (दिनांक 07.12.23 की स्थिति के अनुसार)	226.14	43.84	19.39%

(नरेगासॉफ्ट के अनुसार)

(ग) और (घ): वित्तीय वर्ष 2014-15 से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 (दिनांक 07.12.2023 की स्थिति के अनुसार) तक महात्मा गांधी नरेगा के तहत रोजगार प्राप्त करने वाले कुल परिवारों की तुलना में रोजगार प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति (अ.जा.) परिवारों का ब्यौरा और इसका प्रतिशत नीचे दिया गया है:

वित्तीय वर्ष	रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार (लाख में)	रोजगार प्राप्त करने वाले अ.जा. परिवार (लाख में)	रोजगार प्राप्त करने वाले अ.जा. परिवारों का प्रतिशत
2014-15	412.62	94.49	22.90%
2015-16	481.13	110.68	23.00%
2016-17	511.60	113.52	22.19%
2017-18	511.44	111.20	21.74%
2018-19	526.47	110.41	20.97%
2019-20	548.08	115.56	21.08%
2020-21	754.73	155.20	20.56%

2021-22	725.39	144.03	19.86%
2022-23	618.28	120.20	19.44%
2023-24 (दिनांक 07.12.23 की स्थिति के अनुसार)	526.45	103.43	19.65%

(नरेगासॉफ्ट के अनुसार)

(ड.) और (च): वित्तीय वर्ष 2014-15 से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 (दिनांक 07.12.2023 की स्थिति के अनुसार) तक महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत रोजगार प्राप्त करने वाले कुल परिवारों की तुलना में रोजगार प्राप्त करने वाले अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा) परिवारों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वित्तीय वर्ष	रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार (लाख में)	रोजगार प्राप्त करने वाले अ.ज.जा. परिवार (लाख में)	रोजगार प्राप्त करने वाले अ.ज.जा. परिवारों का प्रतिशत
2014-15	412.62	71.20	17.26%
2015-16	481.13	81.68	16.98%
2016-17	511.60	85.77	16.76%
2017-18	511.44	86.05	16.82%
2018-19	526.47	88.99	16.90%
2019-20	548.08	92.32	16.84%
2020-21	754.73	118.36	15.68%
2021-22	725.39	115.75	15.96%
2022-23	618.28	102.42	16.57%
2023-24 (07.12.23 तक)	526.45	88.39	16.79%

(नरेगासॉफ्ट के अनुसार)

*****